लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी (राजस्व)
(जिला कलक्टर),बांसवाड़ा (राज.)

पीठासीन अधिकारी – डॉ.इंद्रजीत यादव, IAS.

प्रकरण संख्या : 12/ 2025
GCMS NO. : 2025/57

प्रार्थी/अपीलार्थी :–		अप्रार्थी /रेस्पोण्डेंट्स:–
श्री गब्बर सिंह चौहान मु.पो. पीठ तहसील सिमलवाडा जिला डूंगरपुर (राज.)	बनाम	तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा

निर्णय

अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

दिनांक :– 02–06–2025

प्रस्तुत मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा से सूचना चाहने हेतु धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिनांक 01.02.2025 (जी.आर.एन 0100243295) को प्रस्तुत किया। अपीलार्थी अनुसार प्रस्तुत आवेदन पर तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा द्वारा अपीलार्थी को सूचना उपलब्ध नही करवाई गई है। जिससे अप्रसन्न, असन्तुष्ट होकर अपीलार्थी की ओर से यह अपील प्रस्तुत की गई है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2025.07.24 12:06:36 IST
Reason: SelfAttested

अपील दर्ज रजिस्टर की जावक इस [illegible] नोटिस दिनांक 05.05.2025 को जारी किया गया एवं अपीलार्थी एवं प्रत्यर्थी को भी नियत तिथि को अपना पक्ष रखने उपस्थित होने सूचित किया गया। दिनांक 02.06.2025 को प्रत्यर्थी की ओर से

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बाँसवाड़ा (राज.)

उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए तथा अवगत कराया कि अपीलार्थी की ओर से वांछित सूचना तैयार की जा रही है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आवेदन दिनांक 01.02.2025 (जी.आर.एन 0100243295) से 5 बिन्दु पर सूचना चाही गई थी। किन्तु वांछित सूचना रेस्पोडेंट लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार बांसवाडा) द्वारा नियमानुसार 30 दिवस की अवधि व्यतित हो जाने के उपरांत भी उपलब्ध नही करवाई गई है।

अतः अपील अपीलांट स्वीकार की जाकर तहसीलदार (लोक सूचना अधिकारी) बांसवाडा को निर्देशित किया जाता है कि वह अपने कार्यालय में रेकार्ड उपलब्धता के आधार पर अपीलार्थी को 7 दिवस में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 7(6) के तहत निःशुल्क सूचना उपलब्ध करावें। निर्णय की प्रति सम्बन्धित को भेजी जावे।

निर्णय आज दिनांक 02–06–2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(डॉ. इंद्रजीत यादव) IAS.
लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बॉसवाडा (राज.)

लोक सूचना अपीलीय प्राधिकारी,
जिला कलक्टर, बांसवाड़ा (राज.)

Signature Not Verified

Digitally signed by Inderjeet Yadav
Date: 2025.07.24 12:06:36 IST
Reason: SelfAttested